>

Title: Need to expedite work under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna in Barabanki district of Uttar Pradesh.

श्री पन्ना लाल पुनिया (बाराबंकी): सभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के प्रारम्भ के समय कोर नेटवर्क बनाया गया था, जिसे बनाए आठ-नौ वर्ष बीत चुके हैं। वर्तमान में बसावटों की जनसंख्या, यातायात का घनत्व एवं कई मार्गों के निर्माणोपरांत वर्तमान योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार कई मार्गों के थ्रु-रूट होने की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से सदन में बताना चाहता हूं कि भारत सरकार द्वारा वेबसाइट पर कोर नेटवर्क को फ्रीज कर दिया गया है, जिसके कारण बिना भारत सरकार की अनुमति के कोर नेटवर्क को संशोधित नहीं किया जा सकता है। यदि भारत सरकार द्वारा वेबसाइट पर जनपद बाराबंकी के कोर नेटवर्क संशोधित करने हेतु अनफ्रीज कर दिया जाता है तो कोर नेटवर्क में आवश्यक संशोधनों के उपरांत कई मार्गों का प्रस्ताव तैयार कर भारत सरकार को प्रेषत किया जा सकता है, जिससे योजना में कई योग्य गांव/मज़रे, जो अभी तक सड़कों से जुड़े नहीं हैं, उन्हें इस योजना का लाभ पहुंचाया जा सकता है। बाराबंकी जनपद से संबंधित फेज़-आठ के प्रस्ताव अभी भी केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय में लम्बित हैं। यह कहा जा रहा है कि प्रस्ताव वर्तमान सड़कों के उच्चीकरण से संबंधित है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से स्पष्ट करना चाहता हूं कि ये सभी सड़कें इतनी बुरी हालत में हैं, जो कच्चे मार्ग से भी ज्यादा दुखदायी हैं। मेरा ग्रामीण विकास मंत्री जी से अनुरोध है कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से वंचित रह रहे मज़रों को लाभांवित करने हेतु कोर नेटवर्क में संशोधन करने हेतु भारत सरकार की वेबसाइट से अनफ्रीज़ करने तथा लम्बित प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार कर धनराशी आवंटित करने का कष्ट करें।